कलेक्टर ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर कार्यों की जानकारी ली

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के साथ नोखा उपखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने चरकड़ा में बनाए जा रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया और यहां अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने एसटीपी से सीवरेज लाइन को जोड़ने, नोखा नगर पालिका क्षेत्र में नई सीवरेज लाइन बिछाने सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि कार्य में तेजी लाएं, बकाया कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूरा हो। इसके लिए नगर पालिका के अधिकारी अभियंताओं के साथ इस कार्य का नियमित निरीक्षण करें। जिला कलेक्टर ने इस दौरान परिसर में पौधारोपण भी किया। वृष्णि ने बंधडा ग्राम पंचायत का दौरा किया। उन्होंने यहां नवनिर्मित लाइब्रेरी, पब्लिक पार्क और खेल मैदान देखा। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विभागीय स्तर पर नियमित रूप से जनसुनवाई करने तथा ग्रामीणों के होने लायक कार्यों को तुरंत प्रभाव से करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि खेल मैदान और पब्लिक पार्क की देखभाल के लिए स्थानीय निवासियों का सहयोग लें और ग्राम पंचायत की खाली जमीन पर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करें। जिला कलेक्टर ने मुख्यमंत्री की 28 जुलाई की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर सीलवा-मूलवास पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़, तहसीलदार चंद्रशेखर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल के दौरे की तैयारी : जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि तथा पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने राज्यपाल कलराज मिश्र के 29 जुलाई के प्रस्तावित दौरे के मध्यनजर तैयारी का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह स्थल का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश, निकास, बैठक, सुरक्षा सहित विभिन्न व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान कुलपति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सतीश के. गर्ग तथा डॉ. राजेश धूडिया मौजूद थे। दीक्षांत समारोह दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। जिला कलेक्टर ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित होने वाले अंगदान एवं प्रत्यारोपण संवाद कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम के बारे में जाना। यहां सायं 3.30 बजे से कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) उम्मेद सिंह रतनू, नगर विकास न्यास सचिव मुकेश बारहठ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) दीपक कुमार सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

पौधारोपण महाअभियान : श्रीगंगानगर कलेक्टर लोकबंधु ने शुक्रवार को वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में पंचायती राज विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले की समस्त पंचायत समिति के विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगस्त के पहले सप्ताह में वृहद स्तर पर आयोजित होने वाले पौधारोपण महाअभियान की क्रियान्विति राज्य सरकार के निर्देशानुसार सुनिश्चित करें।

बैठक में पौधारोपण से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान से आमजन को जोड़ा जाये और उन्हें अधिकाधिक पौधारोपण के लिये प्रेरित करने के साथ-साथ उनकी सार-संभाल की जिम्मेदारी भी दी जाये। पंचायत वार पौधारोपण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जनसहयोग से शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करवाया जाये। मनरेगा कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य स्वीकृत होने के बाद जल्द समस्त कार्य पूर्ण करवाये जाये।

समस्या आने पर अधीनस्थ अधिकारी अपने उच्चाधिकारियों को बतायें ताकि उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने नियमित रूप से कार्यों का निस्तारण करने का निर्देश देते हुए कहा कि लम्बित प्रकरणों का भी निस्तारण किया जाये।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने नोखा उपखंड में विकास कार्यो का निरीक्षण किया तथा एस. पी. तेजस्विनी गौतम के साथ राज्यपाल के दौरे की तैयारी का जायजा लिया।

- **ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विभागीय स्तर पर नियमित रूप से जनसुनवाई करने तथा ग्रामीणों के होने लायक कार्यों को तुरंत प्रभाव से करवाने के निर्देश दिए**

भागवत कथा में सती चरित्र का प्रसंग सुनाया

नोखा, (निसं)। नोखा कस्बे के रोड़ा रोड़ रणछोडपुरा में बाबा रामदेव मन्दिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सती चरित्र व शिव-पार्वती का विवाह का प्रसंग सुनाया।

कथा वाचक सांवरमल शास्त्री ने बताया कि किसी भी स्थान पर जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए जहां आप जा रहें हैं वहां अपने अपने इष्ट व गुरू का अपमान हो यदि ऐसा होने की आंशका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वो स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग बताते हुए कहा कि यह पवित्र संस्कार है, लेकिन आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहा है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है। ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। जब सती के विरह में भगवान शंकर की दशा दयनीय हो गई। सती ने भी संकल्प के अनुसार राजा हिमालय के घर पर्वतराज की पुत्री होने पर पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती जब बड़ी हुई तो हिमालय को उनकी शादी की चिंता सताने लगी।

एक दिन देवर्षि नारद हिमालय के महल पहुंचे और पार्वती को देखकर उन्हें भगवान शिव के योग्य बताया। इसके बाद सारी प्रक्रिया शुरू तो हो गई लेकिन शिव अब भी सती के विरह में ही रहे। ऐसे में शिव को पार्वती के प्रति अनुरक्त करने कामदेव को उनके पास भेजा गया लेकिन वे भी शिव को विचलित नहीं कर सके और उनकी क्रोध की अग्नि में कामदेव भस्म हो गए। इसके बाद वे कैलाश पर्वत चले गए।

सार-समाचार

एस.एस.बी.में मरीजों को भोजन बांटे

अधीक्षक डॉ. सोनाली धवन ने एस.एस.बी. में भर्ती मरीजों को दूध के साथ भोजन का शुभारंभ किया।

बीकानेर,(कासं)। सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय से सम्बद्ध सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक चिकित्सालय बीकानेर में वर्तमान में पोषाहार विभाग से मरीजों के लिए दूध उपलब्ध करवाया जा रहा था। आज से सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक, अधीक्षक सोनाली धवन के अथक प्रयास तथा निःशुल्क भोजन योजना अधिकारी डॉ. सरोज सोगात के सहयोग से सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को प्रतिदिन पोषाहार उपलब्ध होगा। इसी प्रकार दोपहर और रात के भोजन में दाल, दलिया, खिचड़ी, रोटी व सब्जी इत्यादि शामिल है। सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में प्रथम दिन मरीजों को वार्ड में जाकर पोषाहार वितरण किया गया। जिसमें सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक अधीक्षक, डॉ. सोनाली धवन, पोषाहार अधिकारी डॉ. सरोज सोगात, डॉ. गरिमा शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक, सीमा कुमारी, शशिकला जोशी, मनोज पाण्डेय एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

बीकानेर से दिल्ली प्रदर्शन में जायेंगे

बीकानेर,(कासं)। महिला कांग्रेस की ओर से 29 जुलाई को दिल्ली में जंतर मंतर पर केन्द्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया जायेगा। महिला कांग्रेस कार्यकर्ता निरमा चौधरी ने बताया कि राजस्थान में 6 महीने में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 20 हजार मामले हुए हैं। महिलाओं पर बढ़ते अपराधों के सबसे अहम मुद्दे पर भाजपा सरकार ने चुप्पी साध रखी है। महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण एवं भागीदारी के तहत महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करना होगा तथा इसमें अति पिछड़े वर्ग की हमारी ओबीसी बहनों का आरक्षण एवं भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। आर्थिक सशक्तिकरण के तहत बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही देश की आधी आबादी को नारी न्याय के तहत राहत देने के लिए महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रूपए दिए जायेंगे। हम मांग करते हैं कि यह राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएं। नीरू ने बताया कि सरकार के विरूद्ध इस प्रदर्शन में बीकानेर से बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगी।

अर्जुनराम आज बीकानेर आयेंगे

बीकानेर, (कासं)। केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल एवं केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी 27 जुलाई को रात्रि 11.52 बजे रेल मार्ग से रवाना होकर 28 जुलाई को प्रातः 7:25 बजे बीकानेर पहुंचेंगे। वे संत दुलाराम कुलरिया राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करने के बाद रात्रि 10:30 बजे रेल मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिए मुकाम में मंथन

नोखा, (निसं)। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा एवं पर्यावरण संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में मुक्तिधाम मुकाम में आयोजित आमसभा में प्रदेश में हरे पेड़ों की अवैध कटाई और वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

साथ ही सोलर प्लांट लगाने की आड़ में राज्य वृक्ष खेजड़ी की हो रही अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिए खेजड़ला की रोही में चल रहे आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए भावी रूपरेखा तैयार की गई। आमसभा में मुकाम पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी रामानंद महाराज सहित अन्य समाज संतों के सानिध्य में चार घंटे तक गहन चिंतन-मंथन किया गया। अध्यक्षता बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र बूड़िया ने की। स्वामी रामानंद महाराज ने शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन को जारी रखने की बात कही। उन्होंने समाज का विशेष प्रतिनिधि मंडल बनाकर गंभीरता से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री से मिलकर राजस्थान में पेड़ सुरक्षा अधिनियम बनाने की मांग पुरजोर तरीके से उठाने की बात कही। स्वामी भागीरथ दास शास्त्री ने समाज के राजनेता, धर्मनेता और पर्यावरण प्रेमियों को एकजुट होकर नया कानून बनाने के प्रयास तेज करने की बात कही।

स्वामी लालदास महाराज ने इस क्षेत्र में काम करने वाली सभी संस्थाओं को साथ लेकर संगठित आंदोलन जारी रखने की बात कही। आचार्य स्वामी कृपाचार्य महाराज ने आंदोलन का नेतृत्व निस्वार्थ, निष्कपट और ईमानदार लोगों के हाथ में रखने की बात कही। पांचलासिद्धा जसनाथ पीठ के आचार्य स्वामी सुरजनाथ महाराज ने कहा कि प्रकृति को बचाने के नाम से बिश्नोई समाज ने विश्व में पहचान बनाई हैं।

- **मुकाम में आयोजित आमसभा में प्रदेश में हरे पेड़ों की अवैध कटाई और वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को लेकर विचार-विमर्श किया**
- **सोलर प्लांट लगाने की आड़ में राज्य वृक्ष खेजड़ी की हो रही अंधाधुंध कटाई को रोकने के लिए बिश्नोई समाज का प्रतिनिधिमंडल करेगा सी.एम. से मुलाकात**

पोक्सो कोर्ट से अभियुक्त बरी

बीकानेर,(कासं)। न्यायालय सेशन न्यायाधीश विशेष न्यायालय लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के पीठासीन अधिकारी विश्वबन्धु (जिला न्यायाधीश संवर्ग) ने अहम फैसला सुनाते हुए पांच वर्ष पुराने एक मामले में पॉक्सो के आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी करने का आदेश जारी किया।

अभियुक्त की ओर से पैरवी अधिवक्ता रामकिसन गोयतान ने की। पांच वर्ष पूर्व पुलिस थाना दंतोर क्षेत्र मे अभियुक्त बबलू उर्फ बलदेव निवासी चक 5 एनजीएच के खिलाफ अपराध अन्तर्गत धारा 363, 366क, 376(एक) भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में अभियोजन पक्ष अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध अन्तर्गत धारा 363, 366-क, 376 (एक) भारतीय दण्ड सहिता एवं धारा 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम प्रत्येक युक्तियुक्त संदेह से परे साबित करने में असफल रहा।

सी.एम. आज व राज्यपाल कल बीकानेर आयेंगे

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार दोपहर 3.40 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सायं 4.40 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। सायं 4.45 बजे नाल एयरपोर्ट से प्रस्थान कर सायं 5.05 बजे मूलवास हैलीपेड पहुंचेंगे। यहां से 5.10 बजे प्रस्थान कर सायं 5.15 बजे कार्यक्रम स्थल मूलवास पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री यहां नवनिर्मित संत दुलाराम राजकीय चिकित्सालय का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा सायं 6.15 बजे यहां से प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री सायं 6.25 बजे यहां से रवाना होकर सायं 6.45 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री सायं 6.50 बजे नाल एयरपोर्ट से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

राज्यपाल कल आयेंगे : राज्यपाल कलराज मिश्र सोमवार प्रातः 10:35 बजे हवाई मार्ग से जयपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11:20 बजे नाल हवाई अड्डे पहुंचेंगे। राज्यपाल यहां से 11:25 बजे प्रस्थान कर प्रातः 11:40 बजे पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अतिथि गृह पहुंचेंगे। राज्यपाल दोपहर 12 बजे राजस्थान पशु चिकित्सा एवं विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। दोपहर 1:50 बजे यहां से रवाना होकर राजुवास के अतिथि गृह पहुंचेंगे। वे 4 बजे रविन्द्र रंगमंच पहुंचेंगे। मिश्र यहां इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अंगदान और प्रत्यारोपण के प्रति जागरूकता संवाद और सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। राज्यपाल सायं 5:20 बजे हवाई मार्ग से जयपुर प्रस्थान करेंगे।

- **मुख्यमंत्री मूलवास में नवनिर्मित संत दुलाराम राजकीय चिकित्सालय का लोकार्पण करेंगे**

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांकः-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/354 दिनांक :- 26/7/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की पंजीकरण योजना-1976 में श्री नारायण दास खत्री पुत्र श्री पंजुराम ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं.2-द-14 पवनपुरी योजना बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 76 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 15669 दिनांक 20.12.1975 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नहीं है।

तत्पश्चात श्री नारायण दास खत्री की मृत्यु दिनांक 08.12.2020 को हो जाने के कारण उनकी धर्मपत्नि श्रीमति सरला खत्री एवम् उनके पुत्र श्री अभिषेक खत्री व धनेश खत्री ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम् निर्धारित शुल्क जमा करा दिया। उक्त आवास श्रीमति सरला खत्री पत्नि स्व. श्री नारायण दास खत्री एवम् श्री अभिषेक खत्री व धनेश खत्री पुत्र स्व. श्री नारायण दास खत्री के नाम करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं।

श्रीमति सरला खत्री पत्नि स्व. श्री नारायण दास खत्री एवम् श्री अभिषेक खत्री व धनेश खत्री पुत्र स्व. श्री नारायण दास खत्री ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति सरला खत्री पत्नि स्व. श्री नारायण दास खत्री एवम् श्री अभिषेक खत्री व धनेश खत्री पुत्र स्व. श्री नारायण दास खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति सरला खत्री पत्नि स्व. श्री नारायण दास खत्री एवम् श्री अभिषेक खत्री व धनेश खत्री पुत्र स्व. श्री नारायण दास खत्री का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

लहरिया उत्सव एवं घूमर नृत्य 4 को

बीकानेर,(कासं)। सावन महिने में महिलाओं के पसंदीदा परम्परागत राजस्थानी पहनावे 'लहरिया उत्सव' मनाया जायेगा। लहरिया उत्सव के साथ राजस्थानी घूमर नृत्य, गीत संगीत, माडलिंग के अलावा कई रंगारंग मंनोरजनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

महिलाओं को हुनरमंद व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लहरिया का आयोजन रखा गया है। उन्हें नेल कला एवं विभिन्न रोगों से निजात पाने के लिए थैरेपी की भी जानकारी दी जायेगी। होटल राजमहल रेलवे स्टेशन के सामने 4 अगस्त को आयोजित होगा। जिसमें कोई भी महिला, बालिकाएं भाग ले सकेंगी। आयोजक चंचल सेन (थैरेपिस्ट) जाह्नवी सोनी (नेल आर्टिस्ट) ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन चालू है जिसकी फीस निर्धारित की गई है।

महिलाओं ओर बालिकाएं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा। सावन में खास राजस्थानी परम्परा की वेशभूषा में सज-धजकर गीतों के सजीव प्रदर्शन महिलाओं द्वारा नृत्य संगीत के साथ सावन लहरिया उत्सव मनाया जायेगा।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों के अलावा पांच सांत्वना पुरस्कार लहरिया से सम्मानित किया जायेगा। लहरिया उत्सव का आगाज दोपहर दो बजे से पांच बजे तक रखा गया है।

साहित्यकार सम्मान समारोह

बीकानेर,(कासं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बीकानेर महानगर इकाई द्वारा 28 जुलाई को गुरू पूर्णिमा पर्व का आयोजन किया जायेगा।

इकाई के महासचिव जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर सर्वभाषा साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन में हिन्दी एवं राजस्थानी सहित विभिन्न भारतीय भाषाओं में सृजन करने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया जायेगा।

इकाई अध्यक्ष इंजीनियर आशा शर्मा ने बताया कि होटल राजमहल में आयोजित होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित तथा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. नरेश गोयल तथा रोचक गुप्ता होंगे।

श्रीकरणपुर में बुखार के मामले बढ़ने पर नाराज लोगों का प्रदर्शन

श्रीकरणपुर, (निसं)। एसडीएम साहब आप ही बताएं केवल श्रीकरणपुर कस्बे में ही बुखार के इतने मामले क्यों आ रहे हैं। यहां के हालात ही इतने खराब क्यों हैं। कौन है इसका जिम्मेदार। आक्रोशित नागरिकों ने यह बात एसडीएम को ज्ञापन देते हुए कही।

कस्बे में पिछले करीब एक माह से आ रहे वायरल व टाइफाइड बुखार के मामलों को लेकर नगर सुधार समिति के आव्हान पर लोगों ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम श्योराम को सौंपकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति व बुखार की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। आंदोलन की अगुवाई कर रहे पूर्व पालिकाध्यक्ष जुगल किशोर, ललित गहलोत, छोटूराम निमल, जिला परिषद सदस्य दुलाराम इंदलिया, हैप्पी शर्मा, मुकेश मोहनपुरिया, बलकरण सिंह बराड़ व रविन्द्र रस्सेवट आदि ने एसडीएम को कहा कि दूषित पानी यहां की मुख्य समस्या है। दशकों से यहां के वाटरवर्क्स की डिग्गियों की सफाई नहीं हुई। डिग्गियों में मृत जानवर मिलना सामान्य बात है। पिछले करीब एक माह से यहां की जनता टाइफाइड व वायरल बुखार का दंश झेल रही है।

हालात ये है कि करीब 500 की ओपीडी वाली स्थानीय सीएचसी पर अधिकांश मरीज बुखार पीड़ित आ रहे हैं।

- **एसडीएम से कहा कि दूषित पानी यहां की मुख्य समस्या है, दशकों से यहां वाटरवर्क्स की डिग्गियों की सफाई नहीं हुई**
- **डिग्गियों में मृत जानवर मिलना सामान्य बात है, करीब एक माह से यहां की जनता टाइफाइड व वायरल बुखार का दंश झेल रही है**

राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
(A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांकः-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/355 दिनांक :- 26/7/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की विशिष्ट पंजीकरण योजना 1978 में चालान संख्या 4787 द्वारा राशि रू. 100/- जमा करवाकर श्री कन्हैयालाल पुत्र श्री गंगाराम ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को आवास सं. 3-च-21 पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 43 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 8908 दिनांक 13.02.1979 को जारी किया गया था। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से पंजीकृत नहीं है। उक्त आवास श्री कन्हैयालाल ने मुख्त्यारनामा/ईकरारनामा/ वसीयतनामा के माध्यम से श्री बद्रीप्रसाद सोलंकी पुत्र श्री शांति कुमार सोलंकी के नाम किया गया। उक्त आवास का नियमितिकरण श्री बद्रीप्रसाद सोलंकी पुत्र श्री शान्ति कुमार सोंलकी के नाम दिनांक 21.8.1999 को किया गया। उक्त आवास श्री बद्रीप्रसाद सोलंकी के नाम मण्डल रिकॉर्ड के अनुसार दिनांक 25.9.1999 कन्वेशडीड/परिपिज्युल को जारी कर दी गई थी। उक्त आवास पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 28.9.1999 को पंजीकृत हैं।

तत्पश्चात श्री बद्रीप्रसाद सोलंकी पुत्र श्री शान्ति कुमार सोंलकी ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्रीमति उर्मिला पत्नि श्री चन्दनमल सांखला को किया गया। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 28.102010 से पंजीकृत है। उक्त आवास इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1746 दिनांक 9.3.2015 को श्रीमति उर्मिला के नाम कर दिया गया था। तत्पश्चात श्रीमति उर्मिला ने उक्त आवास गिफ्ट डिड के माध्यम से श्रीमति मोनिका बिनावरा पत्नि श्री मनीष सांखला के नाम किया गया। उक्त गिफ्ट डिड पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 12.6.2024 से पंजीकृत हैं।

श्रीमति मोनिका बिनावरा पत्नि श्री मनीष सांखला ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति मोनिका बिनावरा पत्नि श्री मनीष सांखला का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यवाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति मोनिका बिनावरा पत्नि श्री मनीष सांखला का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर

सी.ए.डी. में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 कर्मचारी व सात अभियंता सम्मानित

बीकानेर,(कासं)। सीएडी विभाग का 50 वां स्थापना दिवस समारोह उत्सव रेस्टोरेंट बीकानेर में संदीप माथुर मुख्य अभियंता, सीएडी बीकानेर की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया।

सूरतगढ़,श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर स्थित कार्यालयों के अभियंताओं/ कर्मचारियों ने इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वर्ण जयंती समारोह के संयोजक आनन्द पणिया द्वारा अवगत करवाया कि सीएडी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 कर्मचारियों 07 अभियंताओं को समारोह में सम्मानित किया गया।

अलग-अलग मुख्यालयों से आये स्टाफ का बीकानेर में समारोह स्थल पर स्वागत समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। सीएडी के पूर्व मुख्य अभियन्ता विनोद मित्तल, बिरदीचंद, आर.ए. सिखवाल, एस.एल.जी. माथुर, पूर्व अधीक्षण अभियंता नवनीत जैन, श्यामसुन्दर सुथार, पूर्व निजी सचिव श्यामसुन्दर शर्मा, भीखाराम पंवार, पूर्व लेखाधिकारी घनश्याम तिवाड़ी, कर्मचारी संगठन के नेता इन्द्र लाल गोस्वामी, सत्यनारायण पंवार व आनन्द पणिया का सम्मान किया गया। वर्तमान में सीएडी संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अभियंताओं / कर्मचारियों का भी सम्मान किया गया।

सी.ए.डी. विभाग के 50 वें स्थापना दिवस समारोह को संदीप माथुर मुख्य अभियंता बीकानेर ने सम्बोधित किया।

- **सी.ए.डी. विभाग के 50 वें स्थापना दिवस पर स्वर्ण जयंती समारोह मनाया**

सीएडी के सलाहकार एन. के. जैन द्वारा सीएडी के इतिहास एंव अभियंताओं द्वारा किये गये चुनौतीपूर्ण तकनीकी कार्यों की विस्तृत विवेचना समारोह में रखी। समारोह का संचालन आनन्द पणिया द्वारा किया गया। धर्मेश कुमार अधीक्षण अभियंता (प्रशासन), रामनाराण चौधरी अधीक्षण अभियंता हनुमानगढ़, रविन्द्र छौकर अधीक्षण अभियंता फील्ड टेस्टिंग, अविनाश सिंह डोटासरा वरिष्ठ लेखाधिकारी, चन्द्रशेखर व्यास विधि परामर्शी द्वारा समारोह में अपने विचार रखे।

युनूस खान का पुतला फूंका

बीकानेर,(कासं)। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्चे के आव्हान पर रोडवेज कर्मचारियों ने डीडवाना के निर्दलीय विधायक एवं पूर्व मंत्री युनूस खान के प्रदेशभर में रोडवेज की सभी इकाईयों पर पुतले फूंके।

युनूस खान द्वारा 20 जुलाई को परिवहन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान डीजल मंहगा हो जाने के कारण रोडवेज की बसों को बढ़ावा देने के बजाय निजी मालिकों की लोक परिवहन सेवा की बसों का विस्तार करने की पुरजोर वकालत करने से रोडवेज के आम कर्मचारी - अधिकारी उनसे खासे नाराज हैं।

बीकानेर के केन्द्रीय बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में रोडवेज कर्मचारियों ने युनूस खान का पुतला फूंका। उनके विरूद्ध नारे लगाते हुए रोडवेज के बस स्टैंड पर रोडवेज के श्रमिक संगठनों के संयुक्त मोर्च के एटक के नेता श्यामदीन, शार्दुल दान, लक्ष्मीनारायण किराड़ू, डूंगरदान, हाजी मोहम्मद, रोशन अली, रिटायर्ड एसोसिएशन के नेता हनुमंत मेहरा आदि शामिल थे।